Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 8 अगस्त, 2023

इराक द्वारा ट्रेकोमा का उन्मूलन

हाल ही में इराक ने एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग और विश्व में **अंधेपन के प्रमुख संक्रामक** कारण **ट्रेकोमा (Trachoma)** का उन्मूलन करके वैश्विक स्वास्थ्य में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इराक ट्रेकोमा को खत्म करने वाले 17 देशों में शामिल हो गया है।**
- WHO ने इराक को कम-से-कम एक **उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग को खत्म करने वाले 50वें देश के रूप में मान्यता** दी है।
- उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद **WHO के पूर्वी भूमध्य क्षेत्र** के छह देशों में ट्रेकोमा स्थानिक बना हुआ है।
- ट्रेकोमा **क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस (*Chlamydia trachomatis*)** के कारण **जीवाणु संक्रमण** के रूप में शुरू होता है और अगर इसका समय पर इलाज नहीं किया जाए तो यह अंधेपन का कारण बन सकता है।
- **जल की कमी, स्वच्छता का अभाव और मक्खियों के संक्रमण वाले क्षेत्रों** में इस रोग के संक्रमण की संभावना सबसे अधिक होती है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन **ट्रेकोमा** के उन्मूलन के लिये सुरक्षित रणनीति **(सर्जरी, एंटीबायोटिक्स, चेहरे की साफ-सफाई और पर्यावरण में सुधार)** की सिफारिश करता है।

डाक जीवन बीमा ने प्रत्यक्ष प्रोत्साहन संवितरण कार्यक्रम की शुरुआत की

- **डाक जीवन बीमा (PLI)** ने दिल्ली और उत्तराखंड मंडल में पायलट कार्यक्रम **"प्रत्यक्ष प्रोत्साहन संवितरण"** शुरू किया है।
- इस पहल का उद्देश्य अपने **बिक्री दल/कर्मचारी** की महत्त्वपूर्ण भूमिका को पहचानना है, इसके तहत एजेंटों/अभिकर्त्ताओं द्वारा **अर्जित कमीशन उन्हें प्रत्यक्ष रूप से उनके डाकघर बचत बैंक (POSB) खातों के माध्यम से प्रदान किया जाता है** , जिससे तीव्र और सुरक्षित लेन-देन सुनिश्चित होता है।
- यह सुव्यवस्थित प्रक्रिया एजेंटों के लिये सुविधा बढ़ाती है, जो **उन्हें इष्टतम प्रदर्शन और ग्राहक से संबंधों को मज़बूत करने के लिये प्रेरित करती है।**
    - **ग्रामीण डाक सेवकों और प्रत्यक्ष एजेंटों सहित बिक्री दल के लगभग दो लाख** सदस्य सुरक्षित एवं तात्कालिक निधि स्थानांतरण से लाभान्वित होते हैं।
- **PLI की शुरुआत वर्ष 1884 में की गई थी।** यह **डाक कर्मचारियों** के लाभ के लिये एक कल्याणकारी योजना के रूप में शुरू हुई थी।

वैक्विटा पोरपॉइज़ के विलुप्त होने की चेतावनी

अंतर्राष्ट्रीय व्हेलिंग आयोग (IWC) ने वाक्विटा पोरपोइज़ के **'विलुप्त होने के संबंध में अपना प्रथम अलर्ट'** जारी किया है, जिसके अनुसार यह **7 अगस्त, 2023 को विलुप्त हो जाएगा।**

- **कैलिफोर्निया की खाड़ी,** मेक्सिको में वाक्विटा की संख्या में वर्ष 1997 से लगभग 570 से नाटकीय रूप से कम हुई है। वर्तमान में मात्र 10 ही जीवित है।
- वैक्विटा पोरपोइज़,लुप्तप्राय प्रजाति है। वे अपनी विशिष्ट उपस्थिति के लिये जाने जाते हैं, उनकी **आँखों के चारों ओर काले छल्ले और उनके होंठों पर काले धब्बे** होते हैं।
- वाक्विटा की आबादी के लिये सबसे गंभीर खतरों में से एक **बायकैच है,** जो तब होता है जब वाक्विटा गलती से टोटोबा मछली नामक एक अन्य प्रजाति को पकड़ने के लिये बनाए गए गिलनेट में फँस जाता है (इसके स्विम ब्लैडर चीनी व्यंजनों में बेशकीमती हैं जिसके तैरने वाले पंख चीनी व्यंजनों में प्रतिष्ठित है)।

और पढ़ें... वाक्विटा पोरपोइज़

नॉर्समैन एक्सट्रीम ट्रायथलॉन

नॉर्समैन एक्सट्रीम ट्रायथलॉन का 2023 संस्करण **5 अगस्त** को नॉर्वे में संपन्न हुआ, जिसमें 35 देशों के 290 एथलीट्स ने दौड़ में हिस्सा लिया।

- नॉर्समैन एक्सट्रीम ट्रायथलॉन दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिष्ठित कठिनतम प्रतियोगिताओं में से एक है। यह लंबी दूरी की ट्रायथलॉन है जिसमें **3.8 किमी. की तैराकी, 180 किमी. की बाइक की सवारी और 5,230 मीटर की कुल ऊंचाई के आरोहण चढ़ने के साथ 42.2 किमी की दौड़ भी** शामिल है।
- यह दौड़ **हार्डेंजरफजॉर्ड** के ठंडे पानी में एक नौका से छलांग लगाने के साथ शुरू होती है और नॉर्वे की सबसे ऊँची चोटियों में से एक**माउंट गौस्टाटोपेन** के शिखर पर अंतिम पर्वतारोहण के साथ समाप्त होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-8-august-2023